जगन्नाथगंज, जामकोरियापुर, जनपुरी, जेरिक, कच्छिहारो, काली खेरा, कालुवा खेरा, कमालपुर, कंधियापुरी, कन्हिया खेरा, केतन पुरी, खजुहा, खांडेपुर, खपुरा चौराहा, खपुरा प्रथम, खपुरा द्वितीय, किशनखेड़ा, कोड्रा, कुटकुरीपुर, लच्छीपुर, लकुसाहरो, लाल पुरी, लाला खेरा, लंगराखेड़ा, लाओ खेरा, लोधी खेरा, मदारपुरवा, मदना पुरी, महारानीग्नि, मझगवां, मल्लपुर, मालपुर, मर्दनपुर, मथुराखेड़ा, मतिहन का पुरवा, मौ, मिश्रा खेरा, मिश्रान खेरा, मनघौरसिम्री, मोहनपुर, मोहरी, मुदैन खेरा, मुदियां खेरा, मुस्तकिम गंजा, नन्देहरी, नाथू खेरा, नौआ गौवन, नौतर, नया पुरवा, नया खेरा, नया पुरवा, निदान खेरा, नोहरी का पुरवा, नुनेरा, पी चंडी, पी चंद्रावली, पी चिरौंजी, पी देवी सिंह, पी डोमिया, पी गुलाबराय, पी जमादार, पी जोरावर सिंह, पी जुरावन, पी पासी, पी समधरसिंह, पी सरदार सिंह, पी शेर सिंह, पहरौली, पांडे का पुरवा, प्रसाद खेरा, पृथ्वी खेरा, रघुनाथ खेरा, राम खेरा, राम नगर, राम पुरवा, रामपुर, रामपुर मिल्किन, रामपुर निहसिया, रामवा पुर दुबई, राणापुर, रूप खेरा, सादुल्लापुर, सहजन बारी, सलीमापुर, सराय मोहम्मद, शैतानपुर (ई), शैतानपुर (डब्ल्यू), सेमारी का चौराहा, सेमिया गरिह, सेनि, सेवक खेरा, शगुनि, शंकर बक्स खेरा, शास्त्री नगर, श्योपाल सिंह खेरा, शेरा मौ, शेवानपुर, शीतलबक्शखेड़ा, सिंधौरी, सिंघनी खेरा, सीतिखा, सुखाई खेरा, सुखवखेरे, सुंदरिया खेरा, सुरेंद्र पुरी, सुरजीपुर, तरवा बरवा, तेवर खेरा, ठकुरैन खेरा, ठाकुरियां खेरा, ठाकुरपुर, थमोयोआकी, थाऊ नगर, तिडीखेड़ा, टीका माउ, तिवारी का पुरवा, तिवारी खेरा, तुल का पुरवा, उदौत पुरी, उदावत पुरी, उन्नत खेरा, उसराहा और विश्वनाथ खेरा।

शोधार्थी ने प्रस्तुत शोध में सुविधाजनक निदर्शन (Convenience Sampling) के द्वारा गांवो का अध्ययन के लिए चयन किया है।



www.maps.com

1.19.2. शोध निर्दशन :

प्रस्तुत शोध समस्या तथा उद्देश्य की पूर्ति के लिए सुविधाजनक निदर्शन (Convenience Sampling) का प्रयोग किया गया है इसमें शोधार्थी ने अपनी सुविधा के अनुसार निदर्शन चुनाव किया है, प्राथमिक आंकड़ों के संकलन हेतु 75 उत्तरदाताओं को निदर्शन के रूप में चयन किया गया है इनमें से 75 उत्तरदाताओं का साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से तथ्यों का संग्रहण किया गया है तथा द्वितीयक आंकड़ों के संग्रहण के लिए प्रकाशित, अप्रकाशित लेख पुस्तकों समाचार पत्रों आदि तत्व पर आधारित हैं।

1.19.3. शोध प्रविधि :

प्रस्तुत शोध प्रविधि में शोध अध्ययन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु मात्रात्मक शोध प्रविधि (Quantitative Method) का उपयोग किया गया है तत्पश्चात् वणर्नात्मक शोध प्रविधि (Descriptive Method) का उपयोग किया गया है तथा तथ्य संकलन के हेतु प्राथमिक एवम् द्वितीयक स्रोतों का प्रयोग किया गया है प्राथमिक स्रोतों के रूप में उत्तरदाताओं का साक्षात्कार अनुसूची विधि द्वारा तथ्यों का संग्रहण किया गया है। और द्वितीयक स्रोतों में प्रकाशित, अप्रकाशित लिखें, समाचार पत्र, किताबें आदि तत्वों का उपयोग किया गया है।

1.19.4. तथ्य संकलन के उपकरण :

प्रस्तुत शोध में तथ्यों के संकलन के लिए साक्षात्कार अनुसूची विधि का प्रयोग किया गया है। तथा आंकड़ों के संकलन हेतु संरचित साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया गया जिसमें दिव्यांगजनों के प्रति अभिवृत्तियों, व्यवहार, प्रतिमानों को समझने से संबंधित प्रश्नो को सम्मिलित किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में शोध उपकरण के रूप में साक्षात्कार अनुसूची के द्वारा उत्तरदाताओं से संबंधित सूचनाएं संकलित करने का प्रयास किया गया है साक्षात्कार अनुसूची का निर्माण इस प्रकार किया गया है जिसमें शोध अध्ययन से संबंधित उपकल्पनाओं की अच्छी तरह से जांच संभव हो सके तथा साक्षात्कार विधि के माध्यम से व्यवहार, प्रतिमानो से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई है। इस अध्ययन के दौरान शोधार्थी ने व्यक्तिगत रूप से ब्लॉक खीरों में उत्तरदाताओं से मिलकर वांछित सूचनाओं एवं तथ्यों का संकलन किया है।

1.19.5. संकलित आंकड़ों का सम्पादन, वर्गीकरण एवं व्याख्या की प्रविधि :

प्रस्तुत शोध अध्ययन में उत्तरदाताओं से प्राप्त सूचना को संकलित कर संपादन प्रक्रिया के माध्यम से ज्ञात किया गया है कि समस्त सूचना संकलित कर ली गई हैं।संकलित एवम् सम्पादित सूचना का वर्गीकरण कर के इन्हें सूचीबद्ध किया गया है। समस्त संकलित सूचना का वर्गीकरण एवं तालिकाबद्ध करने के पश्चात इसका विश्लेषण सांख्यकीय व तार्किक आधार पर किया गया है। आंकड़ों के सांख्यकीय विश्लेषण करने के लिए तालिका का प्रयोग किया गया है। आंकड़ों के निष्कर्ष के

आधार पर विवरणात्मक रूप से प्रतिवेद आलेख तथा अध्ययन की प्राप्तियों के आधार पर उपयोगी सुझावों को प्रस्तूत किया किया गया है।

1.20. अध्यायों की संरचना :

प्रस्तुत शोध को पांच अध्यायों में विभाजित किया गया है जो निम्नलिखित हैं–

प्रथम अध्याय में प्रस्तावना जिसका शीर्षक दिव्यांगजनों के प्रति सामजिक अभिवृत्तियां एवं व्यवहार प्रतिमान : एक परिचय है तथा इसमें दिव्यांगजनों के प्रति सामाजिक अभिवृत्तियों एवं व्यवहार प्रतिमानों का वर्णन है। दिव्यांगजनों के लिए कल्याण कार्यक्रम व योजनाओं का संक्षिप्त विवरण, अध्ययन की शोध प्रविधियां, उद्देश्य, परिकल्पना, तथ्य संकलन के उपकरण एवम् अध्यायों की संरचनाओं को उल्लेखित किया गया है।

द्वितीय अध्याय में शोध से संबंधित साहित्य की समीक्षा का वर्णन किया गया।

तृतीय अध्याय में सैद्धांतिक एवं अवधारणात्मक ढ़ॉचा को शामिल किया गया है।

चतुर्थ अध्याय में दिव्यांगजनों के प्रति सामाजिक अभिवृत्तियों एवं व्यवहार प्रतिमानों का विश्लेषण किया गया हैं।

पाचवे अध्याय में परिणाम, निष्कर्ष एवं सुझाव की व्याख्या की गई है।

अध्याय द्वितीय

दिव्यांगजनों के प्रति सामाजिक अभिवृत्तियों एवं व्यवहार प्रतिमान की साहित्य की समीक्षा

द्वितीय अध्याय
दिव्यांगजनों के प्रति सामाजिक अभिवृत्तियों एवं व्यवहार प्रतिमान की साहित्य की समीक्षा

प्रस्तुत साहित्य समीक्षा से दिव्यांगजनों के प्रति समाज की अभिवृत्तियों, व्यवहार व प्रतिमानों से संबंधित है। किसी भी शोध कार्य को प्रारम्भ करने से पूर्व उससे संबन्धित शोध पत्रों, साहित्य का पूर्वावलोकन करना अत्यधिक आवश्यक है। जिससे की शोध कार्य को ठीक तरीके से पूर्ण किया जा सके।

1 **मरोहत्रा. N. (2004)** अध्ययन के दौरान पाया गया कि दिव्यांग महिलाओं को पुरुषों की अपेक्षा भेदभाव का ज्यादा सामना करना पड़ता है । इनके अनुसार हरियाणा में ग्रामीण क्षेत्र में शारिरिक रूप से सक्षम महिलाओं की अपेक्षा दिव्यांग महिलाओं को सांस्कृतिक कार्यों के कारण कई सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। दिव्यांग महिलाओं को विवाह जैसी गतिविधि सांस्कृतिक रूप से और प्रताड़ित करती हैं। ग्रामीण समाज में रह रहे लोगों का मानना है कि दिव्यांग महिला को तो खुद ही देखभाल की जरूरत होती है । और ऐसी अवस्था में विवाह उपरांत कैसे निर्वाह कर पाएगी ।

2 **एडवर्डराज, और अन्य. (2010)** अध्ययन जो कि दक्षिण भारत में विल्लौर में किया था जिसमें बौद्धिक अक्षमता के प्रति लोगों के विचारों को बताया इनका मानना है कि जिन समाजों में सांस्कृतिक, धार्मिक विश्वासों का प्रचलन है। उन समाज में दिव्यांगजनों के प्रति नकारात्मक व्यवहार की स्थिति ज्यादा बनी रहती है । जिन परिवारों में दिव्यांग व्यक्ति होता है उन परिवारों को पड़ोसियों एवं समुदायों का निम्न सहयोग प्राप्त होता है। और स्थानीय सांस्कृतिक, मान्यता धार्मिक मान्यता ने कई प्रकार के विरोधाभासी रूपों को जन्म दिया है।

3 **सोफी, U. (2011)** के अनुसार हल्की नापसंदी या शर्मिंदगी लोग दिव्यांगजनो की उपस्थिति में असहज महसूस करते हैं। और ऐसा कोई विषय नहीं ढूंढ पाते

हैं जिस पर वह ऐसे व्यक्तियों से बात कर सके ये अस्वीकृति का एक हल्का सा रूप है ।

4 **दावन, R. (2012)** के अनुसार –दिव्यांग व्यक्ति को रोजगार से संबंधित चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जबकि समाज ने दिव्यांग व्यक्तियों के रोजगार के लिए नियम कानून बनाए गए हैं । फिर भी दिव्यांग व्यक्ति को रोजगार की समस्याओं से गुजरना पड़ता हैं।

5 **सिंघल, और अन्य, (2012)** के अनुसार दिव्यांगजनों को बहिष्कृत किया जाता है और इस बहिष्कृत का कारण सामाजिक सांस्कृतिक कारण है ना कि शारीरिक दुर्बलता। इनका मानना है कि दिव्यांगजनों की उपेक्षा केवल सामाजिक सांस्कृतिक नियमों के कारण होता है ।

6 **गुलियानी .R.(2017)** के अनुसार विकलांगता की समझ एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति और यहां तक कि जीवन के विभिन्न चरणों में एक ही व्यक्ति के लिए अलग–अलग हो सकती है । शुरुआती जीवन के चरणों में कई चुनौतियों को बहुत कम ध्यान दिया जाता है । भारत में विकलांग बच्चों की शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए पाया कि भारत में बहुत कम नीतियां और कार्यक्रम है जो इसे पूरा करते हैं।

7 **मिश्रा, S. (2018)** के अनुसार दिव्यांगता कोई व्यक्ति परक स्वास्थ्य समस्या नहीं है यह तो वास्तव में सामाजिक रूप से निर्मित समस्या है । जो दिव्यांग व्यक्ति के जीवन में बड़े पैमाने पर बाधा उत्पन्न करता है। समाज में जो सांस्कृतिक सामाजिक मानक बने हुए हैं वही रूढ़िता के विकराल रूप में स्थापित हैं यह रूढ़िता दिव्यांग व्यक्ति के जीवन में एक बड़ी समस्या के रूप में विद्यमान हैं ।

8 **अल्ड्रेड, H. (1995)** के अनुसार शारीरिक और यौन हमला शिक्षा और रोजगार में भेदभाव प्रथाओं के पर्याप्त प्रमाण हैं जो विकलांग लोगों को और नुकसान पहुंचाते हैं।

9 **घई. A. (2015)** ने शोध के दौरान पाया कि दिव्यांग पुरुषों की अपेक्षा दिव्यांग महिलाओं को अपने जीवन में दोहरी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

10 **सिंह, P. (2014)** के अनुसार दिव्यांगजनों की रोजगार की असंतोषजनक तस्वीर को प्रस्तुत किया है रोजगार चुनौतियों में दिव्यांग पुरुष की अपेक्षा दिव्यांग महिलाओं को नकारात्मक व्यवहार का सामना करना पड़ता है।

11 **हुसैन. M. (2002)** के अनुसार दिव्यांगता का दिव्यांगजनों के जीवन की गुणवत्ता पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है। अधिकतर उनकी शादी, शिक्षा और रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

12 **हॉर्नर, V. (2006)** के अनुसार बौद्धिक अक्षमताओ वाले दिव्यांगजनों के साथ समाज में दुर्व्यवहार की ज्यादा संभावना होती है।

13 **मुन्नयि, C. (2012)** के अनुसार एजेंसी सरकारों और राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता संगठनों द्वारा विकलांग व्यक्तियों के खिलाफ सभी प्रकार के पूर्वाग्रह और भेदभाव को खत्म करने के प्रयास में अच्छा फल दे रहे हैं।

14 **श्री वास्तव, और अन्य, (2015)** के अनुसार ग्रामीण समाज में दिव्यांगजनों को किसी भी स्कूल जाने, पारिवारिक समारोह में भाग लेने से रोका जाता है। ये यह शत्रुता पूर्ण भौतिक एवं सामाजिक वातावरण द्वारा दिव्यांगजनों के जीवन को दुर्लभ बनाया गया है। जिसमें दिव्यांग व्यक्तियों को सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों से बाहर कर देता है ।

15 **गुडालड, और अन्य. (2005)** के अनुसार दिव्यांगजनों को प्रमुख रूप से संस्थानों और बाजारों और स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शासन में भागीदारी उन लोगों का एक प्रमुख दावा है जो सांस्कृतिक मतभेदों के कारण होते हैं। दिव्यांगजनों के प्रति विभिन्न समूहों के बीच सामान्य हितों की कमी पाई जाती है। और इसके तहत यह दावा किया गया है। कि ब्रिटिश समाज में भौतिक और स्वस्थ जैसी सामाजिक वस्तुओं के वितरण में घोर असमानताएं है मौजूद थे। समूहों के बीच इन संरचनात्मक असमानताओं को कई वर्षों से सामाजिक अन्याय के स्रोत के रूप में देखा गया है। दिव्यांगजनों के प्रति जो सामाजिक न्याय है उसे पहचान में जोर दिया गया है। कुछ दिव्यांगजनों को वह नहीं मिल पाता है। जो सामाजिक न्याय से प्राप्त होना चाहिए दिव्यांगजनों के प्रति निष्पक्षता और सामाजिक न्याय की अवधारणा में

मुख्य अंतर भौतिक असमानताएं और अन्य प्रकार की असमानताओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करने पर जोर देते हैं ।

16 **लजा, और अन्य, (2017)** के अनुसार दिव्यांगजनों से जुड़े मुद्दों की विस्तार से चर्चा की गई है । उनका मानना है कि सामाजिक संरचना अवसर विभिन्न संचार विधियों और संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली के विभिन्न तरीकों को सम्मिलित करने के लिए तैयार नहीं रहती है। यह सार्वजनिक परिवेश में होता है। जैसे परिवार समाज आवासीय प्रवेश में इन बाधाओं का दैनिक जरूरतों और समुदाय के साथ जुड़ाव के लिए दिव्यांग व्यक्ति दूसरों पर निर्भर रहते हैं। जहां या निर्भरता मौजूद हैं वहां वर्चस्व का जोखिम बना रहता है ऐसी अवस्था में दिव्यांग व्यक्ति को निर्णय लेने के बारे में कमी और हाशिए का शिकार होने की गंभीर समस्या रहती है। दिव्यांग व्यक्तियों को अधिकारों पर कन्वेंशन का अनुच्छेद 12 तक किसी भी अन्य मानवाधिकार साधन की तुलना में दिव्यांग व्यक्तियों के निर्णय लेने के अधिकारों के लिए मजबूत सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने महसूस किया कि दमनकारी जीवन यापन करने और दिव्यांग लोगों के दैनिक निर्णय लेने को अनुच्छेद 12 द्वारा सुरक्षित किया जाना चाहिए ।

17 झेंग,और अन्य.(2016) के अनुसार सामाजिक समावेश और दिव्यांगता लोगों की समुदायिक भागीदार दुनियां में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए वर्तमान नीतियों का मार्गदर्शन करने वाली एक केन्द्रीय अवधारणा है, जैसा कि सभी महसूस कर रहे हैं दिव्यांगता के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण ने दिव्यांग व्यक्तियों को ही नहीं बल्कि समुदाय में एकीकरण को भी प्राभावित करता है। और इसी प्रकार एक संभावित संसाधन का नुकसान हो सकता है। नकारात्मक धारणाएं अवसरों का कारण बन सकती हैं और परिणामस्वरूप कलंक, हाशिए पर और बार बार नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं।

18 **हेलियोन (2021)** के अनुसार दिव्यांगजनों के प्रति सरकार और एजेंसियों द्वारा प्रदान किए गए कानूनों और सुरक्षा के बावजूद दिव्यांगता से जुड़े मुद्दों को कलंक माना जाता है यहां तक कि शिक्षा, रोजगार और चलने फिरने सहित उनके बुनियादी मानवाधिकारों से भी वंचित किया जाता है।

19 **नायडू, और अन्य. (2011)** कभी कभी दिव्यांग व्यक्ति के परिवार, समाज में सामाजिक प्रतिष्ठा और प्रतिष्ठा खोने के डर के कारण उनके परिवार के सदस्य अपने परिवार में ही किसी दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांग मानने से भी इनकार करते हैं ।

20 **फिसर, और अन्य. (2017)** के अनुसार दिव्यांगता संबंधित अभिवृत्तियों को परिभाषित करते हुए कहा कि नकारात्मक दृष्टिकोण दिव्यांगजनों की समानता के लिए एक प्रमुख बाधा है। दिव्यांगजनों के प्रति दृष्टिकोण बदलने के लिए कई प्रकार के प्रयासों को शामिल किया जाता है किंतु पूर्णता सफलता का अभाव दृष्टिगोचित होता है लोगों की अभिवृतियों को बदलने के लिए सरकारी और अन्य संगठनों ने कई कार्यक्रम लागू किए हैं। इन्होने बताया कि लोगों के दृष्टिकोण बदलने की नीति हस्तक्षेप के तीन स्तरों के बीच अंतर्संबंध के ढांचे का उपयोग करके हैं ऐसे कार्यक्रमों की प्रभावशीलता के बारे में प्रकाशित साक्ष्य का विश्लेषण करते हैं। और हमें दिव्यांगता के प्रति व्यक्तिगत स्तर पर अभिवृत्ति बदलने की आवश्यकता है। और संगठनात्मक स्तर रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में मनोवृत्ति बाधाओं से संबंधित व्यवहार व अभिवृत्तियों में अनिवार्य रूप से परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। ,

21 **पार्कर, S. (2001)** के अनुसार यह बताने का प्रयास किया कि किस तरह से समाज में एक व्यक्ति को उसकी दिव्यांगता को धर्म और समाज से जोड़ कर देखता है। एशिया में कुछ समाजों में दिव्यांगता को पिछले जन्मों के कर्मों से संबंध को मानते हैं इसके अतिरिक्त तो कुछ मामलों में दिव्यांग व्यक्ति को परिवार के लिए अपमानजनक के रूप में माना जाता है। जो समाज में दिव्यांगजनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और दिव्यांगजनो से जुड़े मुद्दों को नष्ट करने के लिए महत्वपूर्ण कारण है ऐसी रुढ़ी व नकारात्मकता से जुड़ी सोच ने दिव्यांग व्यक्ति को समाज में एकीकृत वह समायोजित होने का अवसर छीन लेती है अभिवृत्तियाँ ही यह तय करती है कि कौन सा व्यक्ति समाज के लिए उपयोगी है ।

22 (PWDS) की एक रिपोर्ट के अनुसार बॉलीवुड के माध्यम से लोगों की बदलती हुई अभिवृत्तियां–फिल्में हमारे समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं ऐसी कई फिल्में हैं जो समाज में चल रही घटनाओं को दर्शाती हैं जैसे जाति व्यवस्था, दहेज प्रथा, बालिकाओं की हत्या आदि समाज में बदलाव लाने के लिए कितने महत्वपूर्ण योगदान देती है अधिकतर लोगों की अभिवृतियां समाजीकरण के माध्यम से ही बनती है जैसा हमारा पारिवारिक व सामाजिक वातावरण होता है हम वैसे ही आदतों व व्यवहारों को आत्मसात करते हैं समाज में अनुसंधान ने लगातार दिव्यांगजन को सामाजिक हाशिए पर जाने का पता लगाया है समाज में दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांग होने के लिए पिछले जन्मों के कर्मों को उत्तरदायी माना गया है, लोग दिव्यांगता को कर्मों का दंड मानते हैं दिव्यांगता को माता–पिता के कर्मों के दंड के रूप में भी देखते हैं अर्थात दिव्यांगता ईश्वरीय न्याय का प्रतिनिधित्व करती है, अधिकतर सांसारिक स्तर पर दिव्यांग लोगों को परंपरागत रूप से किसी भी तरह से अशुभ माना जाता है शोधार्थी तो यह भी मानते हैं कि दिव्यांग व्यक्ति के परिवार की सामाजिक स्थिति का समाज में उनकी संभावित स्वीकृति पर प्रभाव पड़ता है जो कि नकारात्मक अभिवृत्ति की तरफ एक बढ़ावा है भारतीय पौराणिक कथाओं और बॉलीवुड फिल्मों में दिव्यांगता के प्रति भारतीय अभिवृत्ति पर एक परिप्रेक्ष्य पौराणिक कथाओं के दो रूप हैं एक पारंपरिक हिंदू मिथक जो अभी भी सामाजिक मानदंडों और मूल्यों को आकार देते हैं और बॉलीवुड की आधुनिक मशीन जिसका सीधा प्रभाव संस्कृति और समाज पर पड़ता है। बॉलीवुड फिल्मों में दिव्यांग पुरुष को दिव्यांग महिलाओं की तुलना में कहीं अधिक बार दिखाई देते हैं दूसरा दिव्यांग पुरुषों के लिए अक्सर समर्पित महिलाओं का चित्र दिखाया जाता है जबकि दिव्यांग महिलाओं के लिए शायद ही कभी ऐसा होता हो दिव्यांग पुरुषों की तुलना में दिव्यांग महिलाओं को निम्न प्रस्थिति को दिखाया जाता है और दिव्यांग महिलाओं को जिन अक्षमताओं के साथ चित्रित किया जाता है वह बहुत कम ही होती हैं जो उनकी शारीरिक बनावट को प्रभावित करती हैं ताकि वह काफी हद तक सुंदर बनी रहे भारतीय

सिनेमा दिव्यांग महिलाओं की दोगुनी कमजोरी को दर्शाता है दिव्यांग पुरुषों को संसाधनों के साथ बेहतर सामाजिक आर्थिक स्तर को चित्रित किया जाता है। दिव्यांग महिला जो आर्थिक रूप से कमजोर है और दिव्यांगता के साथ जीवन व्यतीत करते हैं उनकी दोहरी समस्या को चित्रित करता है बॉलीवुड में ऐसे चित्रण पुरुष प्रधानता को चित्रित करते हैं और समाज में नकारात्मक अभिवृत्ति को बढ़ाने में योगदान करते हैं।

शोध अंतराल :

विषय से संबंधित वर्णित पुस्तकों तथा शोध पत्रों की व साहित्य मूल्यांकन से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि दिव्यांगजनों से संबंधित गहन अध्ययनो की एक क्रमबद्ध श्रंखला पश्चिमी समाजशास्त्रीयों में देखने को मिलती है परंतु भारतीय परिप्रेक्ष्य में दिव्यांगजनों के संबंध गहन अध्ययनो की काफी कमी रही है। जो कुछ अध्ययन हुए हैं। वे दिव्यांगजनों की गंभीर एवम् संवेदनशीलता को वास्तविक रूप देने में वर्णित करने में असफल रहे यही चिंता का विषय है। जहां एक ओर पश्चिमी देशों में दिव्यांगजनों के प्रति अनेकों लेख लिखे गए जिनमें दार्शनिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं और मनोचिकित्सक से लेकर यहां तक दिव्यांगजनों ने भी अपने अनुभवों को साझा करते हुए पुस्तकें लिखी हैं। वहां आज भी भारत में दिव्यांगजनों के प्रति लोगों की नकारात्मक अभिवृत्तियां गंभीर से समाज में व्याप्त है। इसके उपरांत भी अब तक दिव्यांगजनों से संबंधित मुद्दे विवेचना एवं विचार मंथन के केंद्र नहीं है। अभी भी लोगों में दिव्यांगजनों के प्रति नकारात्मक अभिवृत्तियां बनी हुई है। भारत में दिव्यांगजनों के प्रति अभिवृत्तियों से संबंधित जो अध्ययन हुए हैं। वे अत्यधिक सीमित क्षेत्र तथा सूक्ष्म स्तर पर हुए हैं। जैसे स्कूल कॉलेज विश्वविद्यालय में किए गए हैं जिसके कारण अभ्यर्थियों का सही मापन नहीं हो पाया है और ना ही कोई ठोस परिणाम प्राप्त हो पाए हैं। दिव्यांगता से पीड़ित दिव्यांगजनों के प्रति लोगों की अभिवृत्तियों का मापन एवम् उसका परीक्षण सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक सभी वास्तविक क्षेत्र में सभी प्रकार से समाज के सदस्यों की अभिवृत्तियों का मापन किया जाना चाहिए वैसे तो दिव्यांगजनों से संबंधित अभिवृत्तियों के विषय में बहुत कुछ लिखा जाने लगा है इसके

बावजूद भी इस संबंध में अत्यधिक शोध कार्य करने की आवश्यकता है। अतः इस शोध में शोधार्थी समाज में दिव्यांगजनों के प्रति सामाजिक अभिवृत्तियों एवम् व्यवहार प्रतिमानों को देखना चाहता है।

अध्याय तृतीय

दिव्यांगजनों के प्रति सामाजिक अभिवृत्तियों एवं व्यवहार प्रतिमान : एक सैद्धांतिक ढ़ॉचा

तृतीय अध्याय

दिव्यांगजनों के प्रति सामाजिक अभिवृत्तियों एवं व्यवहार प्रतिमान : एक सैद्धांतिक ढ़ाचा

3.1. दिव्यांगजनों के प्रति सैद्धांतिक परिपेक्ष्य :

दिव्यांगता एक जटिल घटना है कई शोधकर्त्ता और वैज्ञानिक दिव्यांगता को चिकित्सकीय, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और मानववैज्ञानिक दृष्टिकोणों के रूप में अध्ययन करते है। दिव्यांगता अध्ययन में सिद्धातों एवं परिपेक्ष्यों को भी चिन्हिंत करना चाहिएं जो सामाजिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक कारकों की जाँच करते है। दिव्यांगता को परिभाषित करने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक और अनुक्रियाओं को भी स्थान मिलना चाहिएं। प्राथमिक रूप में दिव्यांगता शब्द को व्यक्ति की शारीरिक कमी के रूप में चिन्हित किया जाता है। इसके लिए सार्वभौमिक परिभाषा वर्ष 1993 में सोसाइटी फॉर डिसेबिलिटी स्टडीस द्वारा दी गयी थीं। जो स्वयं में एक गैर–सरकारी संस्था है और जिसकी स्थापना वर्ष 1982 में की गयी थी। इसके अनुसार वह बीमारी अथवा समस्या जो अन्य बीमारियों अथवा दुर्बलताओं के साथ शरीर में मौजूद होती है और जिसे चिकित्सा द्वारा पूर्ण रूप से ठीक नहीं कर सकते है दिव्यांगता है। इस परिभाषा को विश्व के कई विद्ववतजनों और संगठनों द्वारा स्वीकार किया गया है। संस्था द्वारा दिव्यांगता के विषय में बल देते हुए कहां गया है कि दिव्यांगता को मनोवैज्ञानिक और भौतिक दृष्टिकोणों के विपरीत सामाजिक और चिकित्सीय दृष्टिकोणों द्वारा समझना चाहिए। ये दृष्टिकोण दिव्यांगों को समाज में अन्तःसंबंधित करने और समन्वय स्थापित करने में सहायक हो सकते है।

अतः शोधार्थी ने दिव्यांगता को मुख्या रूप से दो दृष्टिकोणों के अर्न्तगत व्याख्या प्रस्तुत की है जिसमें एक चिकित्सकीय और समाजिक है–

3.1.1. दिव्यांगता का चिकित्सकीय दृष्टिकोण : यह दृष्टिकोण दिव्यांगता को शारीरिक अथवा मानसिक स्वास्थ्य की हानि अथवा असमानता मानती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (1988) के अनुसार, दिवयांगता एक व्यापक शब्द है जिसमें असमानताएं, गतिविधि की सीमाएं और पूर्ण भागीदारी प्रतिबंधित है। दिव्यांगता शारीरिक संरचना और शारीरिक गतिविधियों में समस्या उत्पन्न करती है जिसके द्वारा दिव्यांग व्यक्ति सामान्य जीवन के क्रियाकलापों को करने में असहज महसूस करता है। इस प्रकार दिव्यांगता किसी भी व्यक्ति के लिए सामान्य मानी जाने वाली सीमा के भीतर की गतिविधियों को पूरा करने के लिए एक प्रकार के प्रतिबन्ध अथवा कार्य करने की क्षमता की कमी है।

सामान्यतः दिव्यांगता शब्द मानव समाज के उन व्यक्तियों के लिए प्रयोग किया जाता है जो अपने दैनिक कार्यों को सामान्य रूप से नहीं कर पाते है। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज इसे स्वास्थ्य की हानि मानता है। इसके अनुसार विकलांगता शब्द से तात्पर्य ''मनुष्य के सामान्य रूप से शारीरिक क्रियाएं न का पाने से है'' (सेन, 1988)। इस क्रम में पारसन्स (1951) बीमारी की भूमिका के लिए अर्न्तदृष्ट के विकास पर बल देते है। उनके अनुसार रूग्ण व्यक्ति को अपनी रूग्ण भूमिका समाज में निर्वाहित करते रहना पड़ता है। चिकित्सा क्षेत्र से प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न शारीरिक परेशानियों के लिए मात्र चिकित्सा करते है। इसी कारण व्यक्ति के जीवन से संबंधित विभिन्न पहलूओं को हल करने में ये असफल ही सिद्ध होते है। यह एक द्वैतवादी परिपेक्ष्य है जो सक्षम व्यक्तियों को दिव्यांग लोगों से श्रेष्ठ के रूप में स्तरीकृत करता है (बर्नस, मरसर और शेक्सपीयर 1999)। इस प्रकार यह दृष्टिकोण दिव्यांगता को एक बीमारी मानता है जो चिकित्सा से सहीं हो सकता है अथवा प्रयास कर सकते है। इसमें व्यक्ति को स्वयं समाज के अनुसार बदलने पर बल दिया जाता है न कि उन स्थितियों को जो व्यक्ति की दिव्यांगता में योगदान देती है।

3.1.2. दिव्यांगता का सामाजिक परिपेक्ष्य : यह चिकित्सकीय दृष्टिकोण के विपरीत एक नये परिपेक्ष्य का निर्माण करता है। सामाजिक परिपेक्ष्य हमें यह ज्ञान कराता है कि समाज द्वारा दिव्यांगता बनाई गयी है। समाज द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों को सामाजिक और प्राकृतिक उपभोग की वस्तुओं का उपयोग करना प्रतिबंधित किया गया है। कुछ

सामाजिक कारक जैसे– मानक और मूल्य, संस्कृति, धर्म, जाति, वर्ग, आदि दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन में अवरोधों के लिएं जिम्मेदार होते है (सिंह, 2014)। कुछ विद्वानजनों का मानना है कि मिथ्या कल्पनाएँ, विचारधाराएँ और दिव्यांगता का कलंक व्यक्ति के भेदभावों को बढ़ता है। जबकि इसके विपरीत कुछ विद्वानों का मानना है कि इनके लिए निर्धारित भूमिकाएं उनके स्वयं का परिणाम नहीं है। बल्कि यह समाज की देन है। सामाजिक परिपेक्ष्य के अर्न्तगत ओलिवर (1992, पृ. 22) दिव्यांगता शब्द को परिभाषित करते हुएं कहते है कि '' वर्तमान व्यवस्था द्वारा उन व्यक्तियों को जो समाज में अलाभदायक है, की गतिविधियों को मुख्य धारा से बाहर रखा जाता है'' जिसका अर्थ है कि समाज द्वारा जानबूझकर और बलपूर्वक ऐसे व्यक्तियों को समाज से अलग रहने के लिए विवश किया जाता है। थॉमस (1999) तर्क देते हुए कहते है कि '' दिव्यांगता सामाजिक उत्पीड़न का एक रूप है। सामाजिक तौर पर यह दिव्यांगों में गतिविधियों के प्रतिबंधों को आरोपित करती है, साथ ही दिव्यांगों के मनोवैज्ञानिक और भावात्मक कल्याण को कम करने का काम करती है।'' सर्वप्रथम थॉमस ने ही समाज और दिव्यांग व्यक्तियों के संबंधो को परिभाषित करने के लिए 'क्षति प्रभाव' शब्द को प्रतिपादित किया। उनके अनुसार, ''समाज दिव्यांगों के लिए बाधाएं उत्पन्न करता है और उनके अधिकारो से उन्हें वंचित रखता है।'' इसका अर्थ है कि समाज व्यक्तियों को उनकी भिन्नताओं के अनुसार उन्हें दिव्यांगता की श्रेणी में रखता है और उन्हे सामाजिक गतिविधियों से बाहर रखता है। दिव्यांगों के लिएं होने वाले सकारात्मक प्रयास उनके व्यक्तिगत समायोजन और पुर्नवास के बजाए उनके सामाजिक परिवर्तन में होने चाहिए (सिंह और कछप, 2008)।

13 दिसंबर 2006 के संयुक्त राष्ट्र के दिव्यांगों के अधिकार सम्मेलन (यू0एन0सी0आर0पी0डी0) में यह माना गया है कि '' दिव्यांगता उन कारको का प्रतिफल है जो दिव्यांग व्यक्तियों को सामान्य लोगों द्वारा वैचारिक और पर्यावरणीय बाधाओं के रूप में समान आधार पर समाज में सशक्तता के लिए बाधित करती है।'' दिव्यांगता की कोई सर्वमान्य परिभाषा न होने के कारण इस अधिवेशन में संयुक्त राष्ट्र संघ ने दिव्यांगता को परिभाषित करते हुएं कहा है कि, ''वह व्यक्ति जो यह सुनिश्चित करने में असमर्थ है कि वह सम्पूर्ण अथवा आंशिक रूप सामान्य दैनिक और सामाजिक

जीवन की आवश्यकताओं को जन्मजात अथवा बाद में अपनी शारीरिक अथवा मानसिक क्षमताओं में कमी के परिणामस्वरूप पूर्ण कर पाने में असमर्थ है तो वह व्यक्ति दिव्यांग है।'' दिव्यांगता को शारीरिक, संज्ञानात्मक, मानसिक, संवेदी तथा भावनात्मक विकास के सम्पूर्ण संयोजन की कमी का परिणाम माना जा सकता है।

दिव्यांगता की घटना मानव जीवन का अपरिहार्य हिस्सा है और इससे उत्पन्न स्थितियों को समाज अथवा मनुष्य से अलग भी नहीं किया जा सकता है। ऐसे व्यक्ति शरीर के एक अथवा एक से अधिक अंगों का प्रयोग नहीं कर पाते अथवा आंशिक प्रयोग करते है। दिव्यांगता एक व्यक्ति में जन्म से मौजूद हो सकती है अथवा उसके जीवनकाल के दौरान घटित हो सकता है।

अध्याय चतुर्थ

दिव्यांगजनों के प्रति सामाजिक अभिवृत्तियों एवं व्यवहार प्रतिमानों का विश्लेषण

अध्याय चतुर्थ

दिव्यांगजनों के प्रति सामाजिक अभिवृत्तियों एवं व्यवहार प्रतिमानों का विश्लेषण

सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि व्यक्ति या समूह की सामाजिक स्थिति या वर्ग है। यह व्यक्ति की आयु, आय, व्यवसाय, शिक्षा, जाति, धर्म, घरेलू संरचना, वैवाहिक स्थिति आदि के संयोजन से संबंधित है। यह अध्याय उत्तरदाताओं की सामाजिक–आर्थिक, पारिवारिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालता है। इस अध्याय के अन्तर्गत उत्तरदाताओं की सामाजिक–आर्थिक स्थिति की जांच के लिए शोधार्थी ने उत्तरदाताओं की आयु, शैक्षिक स्थिति, वैवाहिक स्थिति, उत्तरदाताओं का व्यवसाय, घरेलू वार्षिक आय आदि का विश्लेषण किया है।

प्रस्तुत अध्याय को दो भागों में विभाजित किया गया है : पहला सामाजिक आर्थिक प्रशस्ति, दूसरा डिसेबल्स के प्रति समाज द्वारा अपनाए गए अभिवृत्ति और व्यवहार प्रतिमान।

भाग–1

सामाजिक–आर्थिक, पारिवारिक पृष्ठभूमि

सारणी संख्या–4.1 उत्तरदाताओं की उम्र

उम्र	उत्तरदाता	प्रतिशत
18–30 वर्ष	40	53.3%
31–45 वर्ष	15	20.0%
46–50 वर्ष	13	17.3%
60 वर्ष से अधिक	7	9.3%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

चित्र संख्या–4.1

उत्तरदाताओं की उम्र



उपरोक्त सारणी और चित्र संख्या–4.1 से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं में से लगभग आधे से अधिक 53.3% उत्तरदाता की उम्र 18 वर्ष से 30 वर्ष है, 20.0% उत्तरदाता 31 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य के है। 17.3% उत्तरदाता की उम्र 46 वर्ष से 50 वर्ष के बीच है, वहीं 9.3% उत्तरदाताएं ऐसे है जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है।

अतः उपरोक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 53.3% उत्तरदाताओं ने जोकि लगभग आधे से अधिक है उनकी उम्र 18 से 30 वर्ष के बीच में है, जबकि सबसे कम प्रतिशत 9.3% उन उत्तरदाताओं का है जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक की है।

सारणी संख्या–4.2

उत्तरदाताओं का धर्म

धर्म	उत्तरदाता	प्रतिशत
हिंदू	43	57.4%
मुस्लिम	20	26.7%
सिख	7	9.4%
अन्य	5	6.7%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

चित्र संख्या–4.2

उत्तरदाताओं का धर्म



उपरोक्त सारणी और चित्र संख्या–4.2 से पता चलता है कि कुल 100% उत्तरदाताओं में से लगभग आधे से अधिक 57.4% उत्तरदाता हिंदू धर्म को मानने वाले है, 26.7% उत्तरदाता मुस्लिम धर्म को मानने वाले है। 9.4% उत्तरदाता सिख धर्म को मानने वाले है, वहीं 6.7% उत्तरदाताएं अन्य दूसरे धर्म को मानने वाले है।

अतः उपरोक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि कुल 100% उत्तरदाताओं में से से लगभग आधे से अधिक 57.4% उत्तरदाता हिंदू धर्म को मानने वाले है जबकि सबसे कम प्रतिशत 6.7% उत्तरदाताएं अन्य दूसरे धर्म को मानने वाले है।

सारणी संख्या–4.3

उत्तरदाताओं की शैक्षणिक प्रस्थिति

शैक्षणिक प्रस्थिति	उत्तरदाता	प्रतिशत
प्राथमिक	16	21.3%
माध्यमिक	9	12%
उच्च माध्यमिक	16	21.3%
उच्च शिक्षा	20	26.7%
अशिक्षित	14	18.7%
कुल योग	75	100.0%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

चित्र संख्या–4.3

उत्तरदाताओं की शैक्षणिक प्रस्थिति



उपरोक्त सारणी और चित्र संख्या–4.3 से पता चलता है कि कुल 100% उत्तरदाताओं में से लगभग एक तिहाई 21.3%) उत्तरदाताएं ऐसे है जिन्होने सिर्फ प्राथमिक स्तर तक शिक्षा ग्रहण की है, 12.0% उत्तरदाताएं ऐसे है जिन्होने माध्यमिक स्तर तक शिक्षा प्राप्त की है। 21.3% उत्तरदाताएं उच्च माध्यमिक शिक्षा ग्रहण किया है, 26.7% उच्च शिक्षा ग्रहण किया है, जबकि 18.7% ऐसे है जोकि अशिक्षित है।

अतः उपरोक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि कुल 100% उत्तरदाताओं में से लगभग एक–चौथाई से अधिक 26.7% उत्तरदाताओं ने जोकि लगभग एक तिहाई से अधिक है, उच्च शिक्षा ग्रहण किया है, जबकि सबसे कम प्रतिशत 12.0% उत्तरदाताएं ऐसे है जिन्होने माध्यमिक स्तर तक शिक्षा प्राप्त की है।

सारणी संख्या–4.4

उत्तरदाताओं का व्यवसाय

व्यवसाय	उत्तरदाता	प्रतिशत
कृषि	13	17.3%
मजदूरी	6	8%
स्वरोजगार	26	34.7%
सरकारी कर्मचारी	20	26.7%
अन्य	10	13.4%
कुल योग	75	100.0%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

चित्र संख्या–4.4

उत्तरदाताओं का व्यवसाय



उपरोक्त सारणी और चित्र संख्या–4.4 से पता चलता है कि कुल 100% उत्तरदाताओं में से 17.3% उत्तरदाताएं ऐसे है जोकि कृषि कार्य में संलग्न है, 8.0% उत्तरदाताएं ऐसे है जोकि दैनिक मजदूरी करते है, 34.7% उत्तरदाताएं स्वरोजगार करते है, 26. 7% सरकारी कर्मचारी है, जबकि 13.4% ऐसे है जो कि अन्य प्रकार के रोजगार करते है।

अतः उपरोक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि कुल 100% उत्तरदाताओं में से ज्यादातर 34.7% उत्तरदाताओं ने जिनकी संख्या लगभग एक तिहाई से अधिक है, वे स्वरोजगार करते है, जबकि सबसे कम प्रतिशत 13.4% ऐसे है जो कि अन्य प्रकार के रोजगार करते है।

सारणी संख्या–4.5

उत्तरदाताओं के परिवार की वार्षिक आय

वार्षिक आय	उत्तरदाता	प्रतिशत
0 से 1,00000 रूपए तक	18	24%
100001–200000 रुपए तक	23	30.7%
200001–300000 रुपए तक	31	41.4%
300001 रूपए से अधिक	3	4%
कुल योग	75	100.0%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

चित्र संख्या–4.5

उत्तरदाताओं के परिवार की वार्षिक आय



उपरोक्त सारणी और चित्र संख्या–4.5 से पता चलता है कि कुल 100% उत्तरदाताओं में से 24.0% उत्तरदाताएं ऐसे है जिनके परिवार की वार्षिक आय 0 स 1 लाख के मध्य में है, 30.7% उत्तरदाताएं ऐसे है जिनके परिवार की वार्षिक आय 1 लाख से 2 लाख के मध्य में है, 41.4% उत्तरदाताएं जिनके परिवार की वार्षिक आय 2 लाख से 3 लाख के मध्य में है, जबकि 4.0% ऐसे है जो जिनके परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से अधिक है।

अतः उपरोक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि कुल 100% उत्तरदाताओं में से लगभग आधे 41.4% उत्तरदाता ऐसे है जिनके परिवार की वार्षिक आय 2 लाख से 3 लाख के मध्य में है, जबकि सबसे कम प्रतिशत 4.0% ऐसे है जो जिनके परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से अधिक है।

भाग–2
डिसेबल्स के प्रति समाज द्वारा अपनाए गये अभिवृत्ति और व्यवहार प्रतिमान

सारणी संख्या–4.6
आपके अनुसार क्या दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा में लाना चाहिए।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
हां	50	66.7%
नहीं	10	13.3%
उत्तर देना नहीं चाहते	10	13.4%
पता नहीं	5	6.6%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

चित्र संख्या–4.6

दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा में लाने के सन्दर्भ में उत्तरदाताओं की अभिवृत्ति



उपरोक्त सारणी और चित्र संख्या – 4.6 का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 66.7% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांगजनों को मुख्य धारा में लाना चाहिएं और 13.3% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांगजनों को मुख्य धारा में नहीं लाना चाहिएं तथा 13.4% उत्तरदाता प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते है जबकि 6.6% उत्तरदाताओं ने कहां कि उन्हे पता नहीं है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से आधे से अधिक 66.7% उत्तरदाताओं ने स्वीकार्य किया कि दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ना चाहिएं।

सारणी संख्या–4.7.

दिव्यांग व्यक्ति के प्रति आपकी क्या अभिवृत्ति है।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
सहयोग	55	73.4%
घृणास्पद	5	6.6%
उत्तर नहीं देना चाहते	7	9.3%
पता नहीं	8	10.7%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

चित्र संख्या–4.7.

दिव्यांग व्यक्ति के प्रति उत्तरदाताओं की अभिवृत्ति



उपरोक्त सारणी और चित्र संख्या–4.7. का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 73.4% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांगजनों के प्रति उनकी अभिवुत्ति सहयोगात्मक है और 6.6% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांगजनों के प्रति उनकी अभिवुत्ति घृणास्पद है तथा 9.3% उत्तरदाता प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते है जबकि 10.7% उत्तरदाताओं ने कहां कि उन्हे पता नहीं है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग तीन–चौथाई 73.4% उत्तरदाताओं ने स्वीकार्य किया कि दिव्यांगजनों के प्रति उनकी अभिवृत्ति सहयोग की है।

सारणी संख्या–4.8

दिव्यांगता संक्रमण जैसी बीमारी है इस विषय में आपकी क्या राय है।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
दिव्यांगता को संक्रमण जैसी बीमारी नहीं समझना चाहिए क्योंकि दिव्यांग व्यक्ति में हीन भावना जागृत होती है	33	44%
पूर्ण रूप से संक्रामित बीमारी है	18	24%
आंशिक रूप से संक्रामित बीमारी है	2	2.6%
उत्तर देना नहीं चाहते	19	25.3%
पता नहीं	3	4%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

उपरोक्त सारणी संख्या–4.8 का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 44.0% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांगता को संक्रमण जैसी बीमारी नहीं समझना चाहिए क्योंकि दिव्यांग व्यक्ति में हीन भावना जागृत होती है और 24.0% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांगता पूर्ण रूप से संक्रामित बीमारी है तथा 2. 6% उत्तरदाता ले कहा कि दिव्यांगता आंशिक रूप से संक्रामित बीमारी है, 25.3% उत्तरदाता प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते है जबकि 4.0% उत्तरदाताओं ने कहां कि उन्हे पता नहीं है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग आधे 44.0% उत्तरदाताओं ने स्वीकार्य किया कि दिव्यांगता को संक्रमण जैसी बीमारी नहीं समझना चाहिए क्योंकि दिव्यांग व्यक्ति में हीन भावना जागृत होती है।

सारणी संख्या–4.9

दिव्यांग व्यक्ति को शिक्षा ग्रहण करना चाहिए इस विषय में आपकी क्या राय है।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा की आवश्यकता है।	60	80%
शिक्षा की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वह परिवार पर आश्रित होते है	2	2.7%
उत्तर देना नहीं चाहते	12	16%
पता नहीं	1	1.3%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

उपरोक्त सारणी संख्या–4.9 का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 80.0% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा की आवश्यकता है और 2.7% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांगजनों को शिक्षा की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वह परिवार पर आश्रित होते है

तथा 16.0% उत्तरदाता प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते है जबकि 1.3% उत्तरदाताओं ने कहां कि उन्हे पता नहीं है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग तीन–चौथाई से अधिक 80.0% उत्तरदाताओं ने स्वीकार्य किया कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा की आवश्यकता है।

सारणी संख्या–4.10.

दिव्यांग व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वास्थ्य बच्चे के पास रहना चाहिए इस विषय में आपकी क्या राय है।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
दिव्यांग व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वास्थ्य बच्चे के पास रहना चाहिए क्योंकि इससे दिव्यांग व्यक्ति में समानता का अनुभव होगा	55	73.3%
ऐसा न करने से दिव्यांग व्यक्ति में हीन भावना जागृत होगी	10	13.4%
उत्तर देना नहीं चाहते	8	10.7%
पता नहीं	2	2.6%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

उपरोक्त सारणी संख्या–4.10 का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 73.3% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांग व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वास्थ्य बच्चे के पास रहना चाहिए क्योंकि इससे दिव्यांग व्यक्ति में समानता का अनुभव होगा और 13.4% उत्तरदाता कहते है कि ऐसा न करने से दिव्यांग व्यक्ति में हीन भावना जागृत होगी तथा 10.7% उत्तरदाता प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते है जबकि 2.6% उत्तरदाताओं ने कहां कि उन्हे पता नहीं है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग तीन–चौथाई 73.3% उत्तरदाताओं ने स्वीकार्य किया कि दिव्यांग व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वास्थ्य बच्चे के पास रहना चाहिए क्योंकि इससे दिव्यांग व्यक्ति में समानता का अनुभव होगा।

सारणी संख्या–4.11
अगर किसी परिवार में दिव्यांग व्यक्ति है तो आपका उस परिवार के सदस्यों के प्रति कैसा व्यवहार होता है।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
सहयोग	45	60%
घृणास्पद	20	26.6%
उत्तर देना नहीं चाहते	8	10.7%
पता नहीं	2	2.6%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

चित्र संख्या–4.8
परिवार में दिव्यांग व्यक्ति होने पर परिवार के सदस्यों का व्यवहार



उपरोक्त सारणी और चित्र संख्या–4.11 का अवलोकन करने से पता चलता है कि

कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 60.0% उत्तरदाता कहते है कि अगर किसी परिवार में दिव्यांग व्यक्ति है तो आपका उस परिवार के सदस्यों के प्रति उत्तरदाताओं का व्यवहार सहयोगात्मक होता है और 26.6% उत्तरदाता कहते है कि अगर किसी परिवार में दिव्यांग व्यक्ति है तो आपका उस परिवार के सदस्यों के प्रति उत्तरदाताओं का व्यवहार सहयोगात्मक होता है तथा 10.7% उत्तरदाता प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते है जबकि 2.6% उत्तरदाताओं ने कहां कि उन्हे पता नहीं है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग आधे से अधिक 60.0% उत्तरदाताओं ने स्वीकार्य किया कि अगर किसी परिवार में दिव्यांग व्यक्ति है तो आपका उस परिवार के सदस्यों के प्रति उत्तरदाताओं का व्यवहार सहयोगात्मक होता है।

सारणी संख्या–4.12

दिव्यांगजन समाज के विकास में सहायक होते हैं इस विषय में आपकी क्या राय है।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
पुर्ण रूप से सहयोग दे सकते हैं	33	44%
आंशिक रूप सहयोग दे सकते हैं	10	13.4%
सहयोग का दिव्यांगता से कोई सम्बन्ध नहीं	4	5.4%
उत्तर देना नहीं चाहते	25	33.4%
पता नहीं	3	4%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

उपरोक्त सारणी संख्या–4.12 का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 44.0% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांगजन समाज के विकास में पुर्ण रूप से सहयोग दे सकते हैं और 13.4% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांगजन समाज के विकास में आंशिक रूप से सहयोग दे सकते हैं, 5.4% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांगजन समाज के विकास में सहयोग का दिव्यांगता से

कोई सम्बन्ध नहीं है तथा 33.4% उत्तरदाता प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते है जबकि 4.0% उत्तरदाताओं ने कहां कि उन्हे पता नहीं है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग आधे 44.0% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांगजन समाज के विकास में पुर्ण रूप से सहयोग दे सकते हैं।

सारणी संख्या–4.13

अगर दिव्यांगजन अपनी कोई शिकायत थाने में दर्ज करवाते हैं तो क्या तत्काल सुनवाई होती है इस विषय में आपकी क्या राय हैं।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
शिकायत की अनदेखा की जाती है	64	85.4%
उन्हे लगता है कि इनकी समस्याओं के निवारण हेतु थाने में जाना समय की बर्बादी है	7	9.4%
आंशिक रूप से शिकायत की अनदेखी होती है	1	1.3%
उत्तर देना नहीं चाहते	3	4%
पता नहीं	0	0%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

उपरोक्त सारणी संख्या–4.13 का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 85.4% उत्तरदाता कहते है कि यदि दिव्यांगजन अपनी कोई शिकायत थाने में दर्ज करवाते है तो उनकी शिकायत की अनदेखा की जाती है और 9.4% उत्तरदाता कहते है कि उन्हे लगता है कि इनकी समस्याओं के निवारण हेतु थाने में जाना समय की बर्बादी है, 1.3% उत्तरदाता कहते है कि यदि दिव्यांगजन अपनी कोई शिकायत थाने में दर्ज करवाते है तो उनकी आंशिक रूप से शिकायत की अनदेखी होती है तथा 4.0% उत्तरदाता प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते है जबकि 0. 0% उत्तरदाताओं ने कहां कि उन्हे पता नहीं है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग तीन–चौथाई से अधिक 85.4% उत्तरदाता कहते है कि यदि दिव्यांगजन अपनी कोई शिकायत थाने में दर्ज करवाते है तो उनकी शिकायत की अनदेखा की जाती है।

सारणी संख्या–4.14

दिव्यांग व्यक्ति के अस्वस्थ होने पर उचित उपचार प्रबंधन किया जाता है इस विषय में आपकी क्या राय है।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
हमेशा	13	17.3%
कभी–कभी	17	22.7%
दिव्यांग व्यक्ति के उपचार में किया गया व्यय अलाभकारी है।	32	42.7%
उत्तर देना नहीं चाहते	8	10.6%
पता नहीं	5	6.7%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

उपरोक्त सारणी संख्या–4.14 का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 17.3% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांग व्यक्ति के अस्वस्थ होने पर उनका हमेशा उचित उपचार प्रबंधन किया जाता है और 22.7% उत्तरदाता कहते है कि कभी–कभी उनका उचित उपचार प्रबंधन किया जाता है, 42.7% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांग व्यक्ति के उपचार में किया गया व्यय अलाभकारी है तथा 10.6% उत्तरदाता प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते है जबकि 6.7% उत्तरदाताओं ने कहां कि उन्हे पता नहीं है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग आधे 42.7% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांग व्यक्ति के उपचार में किया गया व्यय अलाभकारी है।

सारणी संख्या–4.15

परिवार व पड़ोस के किसी समारोह में दिव्यांग व्यक्ति को सम्मिलित होना चाहिए इस विषय में आपकी क्या राय है।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
समारोह में शामिल होना चाहिए	72	96%
शामिल नहीं होना चाहिए	0	0%
दिव्यांग व्यक्ति के शामिल होने से उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा	1	1.3%
उत्तर देना नहीं चाहते	2	2.7%
पता नहीं	0	0%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

उपरोक्त सारणी संख्या–4.15 का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 96.0% उत्तरदाता कहते है कि परिवार व पड़ोस के किसी समारोह में दिव्यांग व्यक्ति को सम्मिलित होना चाहिए और 0.0% उत्तरदाता कहते है कि परिवार व पड़ोस के किसी समारोह में दिव्यांग व्यक्ति को सम्मिलित नहीं होना चाहिए, 1.3% उत्तरदाता कहते है कि परिवार व पड़ोस के किसी समारोह में दिव्यांग व्यक्ति को सम्मिलित होने से उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा तथा 2.7% उत्तरदाता प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते है जबकि 0.0% उत्तरदाताओं ने कहां कि उन्हे पता नहीं है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग तीन–चौथाई से अधिक 96.0% उत्तरदाता कहते है कि परिवार व पड़ोस के किसी समारोह में दिव्यांग व्यक्ति को सम्मिलित होना चाहिए।

सारणी संख्या–4.16

दिव्यांग व्यक्ति को शिक्षा ग्रहण करने में बाधा उत्पन्न करने वाले कारक होते हैं।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
शैक्षणिक संस्थानो का उनके घर से दूर होना	3	4%
निम्न आर्थिक स्थिति	4	5.3%
शारीरिक अक्षमता	3	4%
परिवार में सहयोग की कमी	0	0%
उपरोक्त सभी	65	86.7%
अन्य बताएं	0	0%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

उपरोक्त सारणी संख्या–4.16 का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 4.0% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांग व्यक्ति को शिक्षा ग्रहण करने में बाधा उत्पन्न करने वाला मुख्य कारक शैक्षणिक संस्थानो का उनके घर से दूर होना है और 5.3% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांग व्यक्ति को शिक्षा ग्रहण करने में बाधा उत्पन्न करने वाला मुख्य कारक निम्न आर्थिक स्थिति है, 4.0% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांग व्यक्ति को शिक्षा ग्रहण करने में बाधा उत्पन्न करने वाला मुख्य कारक उनकी शारीरिक अक्षमता है तथा 0.0% उत्तरदाता दिव्यांग व्यक्ति को शिक्षा ग्रहण करने में बाधा उत्पन्न करने वाला मुख्य कारक उनके पारिवारिक सहयोग की कमी को मानते है, जबकि 86.7% उत्तरदाताओं ने उपरोक्त सभी को मुख्य कारक माना है जबकि 0.0% उत्तरदाताओं ने अन्य कारक को जिम्मेदार माना है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग तीन–चौथाई से अधिक 86.7% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांग व्यक्ति को शिक्षा ग्रहण करने में बाधा उत्पन्न करने वाले कारको में शैक्षणिक संस्थानो का उनके

घर से दूर होना, निम्न आर्थिक स्थिति, शारीरिक अक्षमता, पारिवारिक सहयोग की कमी को मानते है।

सारणी संख्या–4.17
दिव्यांग व्यक्ति की शिक्षा में किए गए व्यय को आप मानते हैं।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
अलाभकारी व्यय	19	25.3%
लाभकारी व्यय	53	70.6%
उत्तर देना नहीं चाहते	3	4%
अन्य बताएं	0	0%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

चित्र संख्या–4.9
दिव्यांग व्यक्ति की शिक्षा में किए गए व्यय प्रति समाज की अभिवृत्ति



उपरोक्त सारणी और चित्र संख्या–4.17 का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 25.3% उत्तरदाता दिव्यांग व्यक्ति की शिक्षा में किए गए व्यय को अलाभकारी मानते है और 70.6% उत्तरदाता दिव्यांग व्यक्ति की शिक्षा में किए गए व्यय को लाभकारी मानते तथा 4.0% उत्तरदाता प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते है जबकि 0.0% उत्तरदाताओं अन्य को मानते है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग तीन–चौथाई 70.6% उत्तरदाता दिव्यांग व्यक्ति की शिक्षा में किए गए व्यय को लाभकारी मानते है।

सारणी संख्या–4.18

अधिकतर परिवार में दिव्यांगजनों के प्रति सदस्यों की अभिवृत्तियां होती हैं।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
घृणास्पद	8	10.7%
सहयोगात्मक	24	32%
उत्तर देना नहीं चाहते	39	52%
पता नहीं	4	5.3%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

चित्र संख्या–4.10

परिवार में दिव्यांगजनों के प्रति सदस्यों की अभिवृत्तियां



उपरोक्त सारणी और चित्र संख्या–4.18 का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 10.7% उत्तरदाता कहते है कि अधिकतर परिवारों में दिव्यांगजनों के प्रति सदस्यों की अभिवृत्तियां घृणास्पद होती हैं और 32.0%

उत्तरदाता कहते है कि अधिकतर परिवारों में दिव्यांगजनों के प्रति सदस्यों की अभिवृत्तियां सहयोगात्मक होती हैं तथा 52.0% उत्तरदाता प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते है जबकि 5.3% उत्तरदाताओं ने कहां कि उन्हे पता नहीं है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग आधे से अधिक 52.0% उत्तरदाताओं ने क्या अधिकतर परिवारों में दिव्यांगजनों के प्रति सदस्यों की अभिवृत्तियां होती हैं के प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते है

सारणी संख्या–4.19

दिव्यांगजनों के प्रति पड़ोसी सदस्यों की अभिवृत्ति होती हैं।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
सहयोग	3	4%
उपेक्षित	44	58.6%
उत्तर देना नहीं चाहते	24	32%
पता नहीं	4	5.3%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

चित्र संख्या–4.11

दिव्यांगजनों के प्रति पड़ोसी सदस्यों की अभिवृत्ति



उपरोक्त सारणी और चित्र संख्या–4.19 का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 4.0% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांगजनों के प्रति

पड़ोसी सदस्यों की अभिवृति सहयोग की होती हैं और 58.6% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांगजनों के प्रति पड़ोसी सदस्यों की अभिवृति उपेक्षित होती हैं तथा 32.0% उत्तरदाता प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते है जबकि 5.3% उत्तरदाताओं ने कहां कि उन्हे पता नहीं है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग आधे से अधिक 58.6% उत्तरदाता कहते है कि दिव्यांगजनों के प्रति पड़ोसी सदस्यों की अभिवृति उपेक्षित होती हैं

सारणी संख्या–4.20
क्या दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहिए क्या आप इस बात से सहमत है।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
आंशिक रूप से	3	4%
पूर्ण रूप से सहमत हूं	68	90.7%
पूर्ण रूप से असहमत हूं	2	2.7%
कुछ कह नहीं सकते	2	2.6%
अन्य बताएं	0	0%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

चित्र संख्या–4.12
दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के सन्दर्भ में उत्तरदाताओं की प्रतिकिया



उपरोक्त सारणी संख्या–4.20 का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 4.0% उत्तरदाता आंशिक रूप से माना है कि दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहिए और 90.7% उत्तरदाता पूर्णरूप से सहमत है कि दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहिए तथा 2.7% उत्तरदाता पूर्णरूप से असहमत है कि दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहिए जबकि 2.6% उत्तरदाताओं ने कहां कि वे कुछ कह नहीं सकते है कि दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहिए या नहीं जबकि 0.0% उत्तरदाता ने अन्य कारक बताया।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग तीन–चौथाई से अधिक और 90.7% उत्तरदाता पूर्णरूप से सहमत है कि दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहिए।

सारणी संख्या–4.21
आप दिव्यांग व्यक्ति से विवाह नहीं करना चाहते हैं इसके क्या कारण हैं

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
समाज का भय	3	4%
मेरी प्रतिष्ठा में कमी आएगी	3	4%
उत्तर देना नहीं चाहते	69	92%
पता नहीं	0	0%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

चित्र संख्या–4.13
दिव्यांगजनों से विवाह ने करने के उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया



उपरोक्त सारणी और चित्र संख्या का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 4.0% उत्तरदाताओं ने कहां कि वे समाज के डर से दिव्यांग व्यक्ति से विवाह नहीं करना चाहते हैं और 4.0 % उत्तरदाताओं ने कहां कि उनकी प्रतिष्ठा में कमी आएगी इसलिए वे दिव्यांग व्यक्ति से विवाह नहीं करना चाहते हैं तथा 92.0% उत्तरदाताओं ने प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते जबकि 0.0% उत्तरदाता को पता नहीं है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग तीन–चौथाई से अधिक और 92.0% % उत्तरदाताओं ने दिव्यांग व्यक्ति से विवाह नहीं करना चाहते हैं के प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते।

सारणी संख्या–4.22
समाज में सामान्यता दिव्यांगजनों का जीवन कैसा होता है।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
सरल होता है	3	4%
चुनौतीपूर्ण होता है	60	80%
उत्तर देना नहीं चाहते	12	16%
पता नहीं	0	0%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

चित्र संख्या–4.14
समाज में सामान्यता दिव्यांगजनों का जीवन के सन्दर्भ में उत्तरदाताओं की प्रतिकिया



उपरोक्त सारणी और चित्र संख्या का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 4.0% उत्तरदाताओं ने कहां कि समाज में सामान्यता दिव्यांगजनों का जीवन सरल होता है और 80.0 % उत्तरदाताओं ने कहां कि समाज में सामान्यता दिव्यांगजनों का जीवन चुनौतीपूर्ण होता है तथा 16.0% उत्तरदाताओं ने प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते जबकि 0.0% उत्तरदाता को पता नहीं है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग तीन–चौथाई से अधिक और 80.0% % उत्तरदाताओं ने कहां कि समाज में सामान्यता दिव्यांगजनों का जीवन चुनौतीपूर्ण होता है।

सारणी संख्या–4.23
दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के सही माध्यम हो सकते हैं।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
सहयोग	45	60%
शिक्षा	30	46.7%
उत्तर देना नहीं चाहते	0	0%
पता नहीं	0	0%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

चित्र संख्या–4.15

दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के सही माध्यम के सन्दर्भ में उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया



उपरोक्त सारणी और चित्र का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 60.0% उत्तरदाताओं ने कहां कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के सही माध्यम सहयोग हो सकता हैं और 46.7% उत्तरदाताओं ने कहां कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के सही माध्यम हो शिक्षा हो सकती हैं तथा 0.0% उत्तरदाताओं ने प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते जबकि 0.0% उत्तरदाता

को पता नहीं है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग तीन–चौथाई से कम 60.0% उत्तरदाताओं ने कहां कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के सही माध्यम सहयोग हो सकता हैं।

सारणी संख्या–4.24

क्या आपकों दिव्यांगजनों के साथ रहना पसन्द है।

प्रतिक्रिया	उत्तरदाता	प्रतिशत
हां	9	12%
बिल्कुल नहीं	7	9.4%
उत्तर देना नहीं चाहते	59	78.7%
पता नहीं	0	0%
कुल योग	75	100%

स्त्रोत : क्षेत्र अध्ययन

चित्र संख्या–4.16

दिव्यांगजनों के साथ रहने के पसन्द के सन्दर्भ में उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया



उपरोक्त सारणी और चित्र का अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल उत्तरदाताओं (100.0%) में से 12.0% उत्तरदाताओं ने कहां कि उन्हे दिव्यांग व्यक्ति के साथ रहना पसन्द है और 9.4% उत्तरदाताओं ने कहां कि उन्हे दिव्यांग व्यक्ति के साथ

रहना बिल्कुल नहीं पसन्द है तथा 78.7% उत्तरदाता प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते जबकि 0.0% उत्तरदाता को पता नहीं है।

अतः अवलोकन करने से पता चलता है कि कुल (100.0%) उत्तरदाताओं में से लगभग तीन–चौथाई से अधिक 78.7% उत्तरदाताओं ने दिव्यांग व्यक्ति के साथ रहने की पसन्दगी के प्रश्न पर उत्तर नहीं देना चाहते है।

सारणी संख्या–4.25

